हरिभूमि

# सिरसा-फतेहाबाद भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 22 मार्च 2024

9 मानव के उत्थान का मार्ग प्रशस्त करता है श्रीराम का जीवन चरित्र



10 वेद फुलां ने समर्थकों के साथ सांसद बराला का जताया आभार



## खबर संक्षेप

### जिला स्तर पर कंट्रोल रूम की स्थापना

**फतेहाबाद।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल नरवाल ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव 2024 में मतदाता व आमजनों की सुविधा के लिए जिला स्तर पर लघु सचिवालय में कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है। कंट्रोल रूम का टोल फ्री नंबर 1750 व दूरभाष नंबर 01667-230013 है। उन्होंने बताया कि इस कंट्रोल रूम का जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी रविंद्र दलाल को नोडल अधिकारी व जिला एमएसएमई के सहायक निदेशक गुरप्रताप सिंह को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### दुकानदार से पर्स-नकदी छीन ले गए बाइकर्स

**सिरसा।** शहर के चतरगढ़पट्टी क्षेत्र में एक दुकान संचालक से मोटरसाइकिल सवार युवक नकदी व पर्स छीनकर ले गए। पुलिस शिकायत में दुकान संचालक काशीराम ने बताया कि 20 मार्च की शामवह दुकान पर बैठा था। इसी दौरान मोटरसाइकिल सवार दो युवक आए। एक ने दुकान में आकर उससे साबुन मांगी और 500 का नोट दे दिया। उसने जैसे ही अपना पर्स निकाला तो युवक उसके हाथ से पर्स छीनकर मोटरसाइकिल पर सवार होकर भाग गए।

### मकान में सेंध लगाकर हजारों की नकदी चुराई

**सिरसा।** हुडा सेक्टर-20 में एक बंद पड़े मकान से चोर 55 हजार रुपए की नकदी सहित एक चांदी की पाजेब की जोड़ी चोरी कर ले गए। पुलिस को दी शिकायत में मकान मालिक भीम सैन ने बताया कि बीती 17 मार्च को वह अपने मकान को ताले लगाकर परिवार सहित अपने गांव चला गया। इसका फायदा उठाकर चोरों ने मकान में घुसकर अलमारी के ताले तोड़कर 55 हजार रुपए की नकदी व एक चांदी की पाजेब की जोड़ी चोरी कर ली। शाम को जब वह घर वापस आए तो घटना के बारे में पता चला।

### भट्टू और टोहाना से दो मोटरसाइकिल चोरी

**फतेहाबाद।** वाहन चोरों ने गत दिवस भट्टू व टोहाना से दो मोटरसाइकिल चोरी कर लिए। पुलिस शिकायत में भट्टू मण्डी निवासी जगदीश ने कहा है कि उसने अपने मोटरसाइकिल को झुग्गी के आगे खड़ा किया और अंदर चला गया। सुबह जब वह बाहर आया तो उसने देखा कि वहां से उसका मोटरसाइकिल गायब था। दूसरे मामले में टोहाना निवासी सुनील ने कहा कि उसने बाइक को आईसीआईसीआई बैंक के सामने खड़ा किया था। वहां से उसका मोटरसाइकिल चोरी हो गई।

### टोहाना से युवती सहित दो लोग लापता

**फतेहाबाद।** टोहाना से एक युवती सहित दो लोगों के लापता होने का समाचार है। शिकायत में ग्रीन पार्क, रतिया रोड, टोहाना निवाीस महिला रेखा ने कहा है कि उसका 18 वर्षीय लड़का सन्नी गत दिवस सुबह घर से काम पर जाने की बात कहकर गया था लेकिन उसके घर नहीं लौटा है। वही, टोहाना पुलिस में गीता कालोनी निवासी यक्ति ने कहा है कि उसकी 18 वर्षीय लड़की बिना बताए घर से चली गई है। वह घर से करीब 1 लाख रुपये और आधार कार्ड भी ले गई है।

### ट्रैक्टर चोर की निशानदेही पर चोरी की शराब बरामद

**सिरसा।** बड़ागुड़ा थाना पुलिस ने ट्रैक्टर चोरी के आरोपी की निशानदेही पर सालम खेड़ा शराब ठेका से चोरीशुदा शराब का जखीरा ओढां थाना के गांव पीर खेड़ा के खेत से बरामद किया है। आरोपी की पहचान सतपाल उर्फ कालू पुत्र बबलू निवासी गांव पीर खेड़ा के रूप में हुई है। बड़ागुढ़ा थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सुरेश कुमार ने बताया कि बीते दिनों गांव रघुवाणा क्षेत्र से चोरी हुए ट्रैक्टर ट्राली के मामले में आरोपी सतपाल को गिरफ्तार किया गया था।

## सिरसा लोकसभा : लोगों की निगाहें कांग्रेस व इनेलो प्रत्याशी की घोषणा पर टिकीं

# भाजपा के अलावा अन्य प्रत्याशी घोषित न करने से मतदाताओं में बढ़ी उत्सुकता

- सबसे अधिक वोटों से जीतने का रिकॉर्ड 2019 में बना

सुरेन्द्र असीजा ▸▸ फतेहाबाद

प्रदेश में लोकसभा चुनावों के लिए भाजपा को छोड़कर किसी भी अन्य प्रमुख राजनैतिक दल द्वारा प्रत्याशी घोषित न करने से मतदाताओं में उत्सुकता बढ़ रही है। मतदाता हर पार्टी के उम्मीदवार होने बारे अलग-अलग क्यास लगा रहे हैं। भाजपा ने अशोक तंवर को सिरसा से प्रत्याशी घोषित कर पहले बाजी मारी तो अब लोगों की निगाहें कांग्रेस व इनेलो पर टिकी हुई हैं। जजपा के बारे में भी लोग तरह-तरह के क्यास लगा रहे हैं।

दरअसल भाजपा ने वर्तमान सांसद सुनीता दुग्गल को किनारे कर आम आदमी पार्टी से आए अशोक तंवर को यहां से मैदान में उतारा है। अशोक तंवर को टिकट मिलने के बाद मतदाताओं की नजर कांग्रेस की टिकट पर है। लोगों का मानना है कि अगर यहां से कुमारी सैलजा तंवर के सामने आती हैं तो तंवर के लिए यहां से सीट निकालना आसान नहीं होगा। कुमारी सैलजा की यह पैतृक सीट मानी जाती है और उनका यहां विरोध भी नहीं है जबकि तंवर की दल-बदल की छवि के चलते लोगों में उनके प्रति नाराजगी भी है। तंवर ने अपने कार्यकाल में भी यहां कोई खास काम नहीं करवाए। भाजपा-जेजेपी गठबंधन टूटने का भी तंवर को इस सीट पर नुकसान हो सकता है। बात करें इनेलो की तो इस सीट पर इनेलो का पूरा दबदबा है। कुल 14 चुनावों में से 6 चुनाव में यहां के इनेलो के उम्मीदवार जीतते आए हैं। अब भी उनके प्रभाव से इंकार नहीं किया जा सकता। रही जजपा की बात तो, वह ऐलनाबाद के पूर्व विधायक भागीराम के पुत्र सुरेन्द्र कुमार एडवोकेट को मैदान में उतार सकती है। बरहाल, भाजपा को छोड़कर किसी ने अभी अपने पत्ते नहीं खोले हैं।सिरसा लोकसभा क्षेत्र में 9 विधानसभा क्षेत्र आते हैं, जिनमें 19 लाख 20 हजार मतदाता है। हरियाणा गठन के बाद 1967 से लेकर 2019 तक इस सीट पर 14 आम जबकि 1 उपचुनाव हुआ है। 8 बार कांग्रेस के सांसद चुने गए तो 6 बार इनेलो के उम्मीदवार सांसद बने। पहली बार 2019 में यहां पर कमल खिला। कुमारी सैलजा के पिता व पूर्व केन्द्रीय मंत्री दलबीर सिंह सर्वाधिक 4 बार सांसद चुने गए तो 2 बार कुमारी सैलजा स्वयं यहां से सांसद निर्वाचित हुई। सबसे अधिक वोटों से जीतने का रिकॉर्ड 2019 में बना। उस चुनाव में भाजपा की सुनीता दुग्गल ने कांग्रेस के उम्मीदवार डा. अशोक तंवर को करीब 3 लाख 9 हजार वोटों के अंतर से हराया।




### 9 विधानसभा सीटों में 2 पर ही जीती भाजपा

लोकसभा चुनावों में दुग्गल 3 लाख से ज्यादा मतों से जीती मगर विस चुनावों में भाजपा को यहां नुकसान झेलना पड़ा। अक्तूबर 2019 के विधानसभा चुनाव में सिरसा संसदीय क्षेत्र की 9 सीटों में से रतिया और फतेहाबाद में भाजपा को जीत मिली थी। रतिया में भाजपा के लक्ष्मण नापा, जबकि फतेहाबाद में भाजपा के दुड़ाराम विधायक बने थे। इसी तरह से टोहाना से जननायक जनता पार्टी के देवेंद्र बबली, नरवाना से जननायक जनता पार्टी के रामनिवास, सिरसा से हरियाणा लोकहित पार्टी के गोपाल कांडा, रानिया से आजाद उम्मीदवार रणजीत सिंह, कालांवाली से कांग्रेस उम्मीदवार शीशपाल केहरवाला, डबवाली से कांग्रेस उम्मीदवार अमित सिहाग एवं ऐलनाबाद से इंडियन नैशनल लोकदल के अभय सिंह चौटाला विधायक चुने गए थे।

### 38116 हैं 18 से 19 आयु वर्ग के मतदाता

सिरसा संसदीय क्षेत्र में 18 से 19 आयु वर्ग के 38116 मतदाता हैं। सिरसा जिला की 5 सीटों पर 18112, फतेहाबाद जिला की 3 सीटों पर 16446 एवं नरवाना विधानसभा सीट पर 3558 युवा वोटर्स हैं। सिरसा विधानसभा क्षेत्र में 18 से 19 आयु वर्ग के 3057, कालांवाली में 3368, डबवाली में 3722, रानियां में 3615, ऐलनाबाद में 4539, टोहाना में 5659, फतेहाबाद में 6061, रतिया में 5068 एवं नरवाना में 3558 मतदाता हैं।

### अब तक के सांसद

| वर्ष | सांसद | पार्टी |
|---|---|---|
| 1967 | दलबीर सिंह | कांग्रेस |
| 1971 | दलबीर सिंह | कांग्रेस |
| 1977 | चांदराम जनता | पार्टी |
| 1980 | दलबीर सिंह | कांग्रेस |
| 1984 | दलबीर सिंह | कांग्रेस |
| 1989 | हेतराम | जनता दल |
| 1991 | कुमारी सैलजा | कांग्रेस |
| 1996 | कुमारी सैलजा | कांग्रेस |
| 1998 | डॉ. सुशील इंदौरा हलोदरा | |
| 1999 | डॉ. सुशील इंदौरा | इनेलो |
| 2004 | आत्मा सिंह गिल | कांग्रेस |
| 2009 | डॉ. अशोक तंवर | कांग्रेस |
| 2014 | चरणजीत रोड़ी | इनेलो |
| 2019 | सुनीता दुग्गल | भाजपा |

# फेरी वाले से रुपये छीनने वाले तीन बदमाश गिरफ्तार



**फतेहाबाद।** पुलिस हिरासत में नकली पिस्तौल दिखाकर नगदी लूटने के आरोपी।

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

- वारदात में प्रयोग की गई मोटरसाइकिल व नकली पिस्तौल को बरामद किया

गांव झलनियां में फेरी लगाकर सामान बेचने वाले उत्तर प्रदेश के एक व्यक्ति से बाइक सवार तीन युवकों द्वारा नकली पिस्तौल दिखाकर हजारों रुपये की नकदी छीनने के मामले में कार्रवाई करते हुए सदर फतेहाबाद पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने इनके पास से छीने गए रुपये व वारदात में प्रयोग की गई मोटरसाइकिल व नकली पिस्तौल को बरामद कर लिया है। सदर थाना फतेहाबाद के प्रभारी प्रहलाद राय ने बताया कि यूपी निवासी नवाब ने दी शिकायत में यूपी निवासी नवाब ने कहा है कि वह फतेहाबाद में फेरी लगाता है। 19 मार्च को वह फतेहाबाद से मोटरसाइकिल पर फेरी लगाने के लिए गांव झलनियां गया था। जब वह गांव में पहुंचा तो गांव के ही 3 लड़के मोटरसाइकिल पर उसके पास आए और कहा कि उन्हें जूस निकालने वाली मशीन लेनी है, वह उनकी ढाणी में साथ चले। इस पर वह युवकों के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर चला गया। उक्त युवक उसे गांव झल्नियां से ढाणी माजरा की तरफ ले गए। रास्ते में युवकों ने मोटरसाइकिल को रोक लिया। जैसे ही वह मोटरसाइकिल से उतरा तो एक युवक ने अपनी जेब से पिस्तौल निकाली और उसकी कनपटी पर लगा दी। इसके बाद युवकों ने उसकी जेब से 11250 रुपये छीन लिए और मोटरसाइकिल लेकर वापस गांव झलनियां की तरफ फरार हो गए। इस मामले में सदर फतेहाबाद पुलिस ने तीन अज्ञात युवकों के खिलाफ केस दर्ज किया था। इस मामले में एसपी ने तुंरत कार्रवाई करने के आदेश दिये थे। जिस पर कार्रवाई करते हुए जांच अधिकारी शादी राम के नेतृत्व में पुलिस टीम ने तीनों युवकों को काबू कर लिया।

# रेडियो प्रसारण में सुनहरा भविष्य : चौहान

- सीडीएलयू में विस्तार व्याख्यान का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिरसा

रेडियो ब्रोडकास्टिंग के क्षेत्र में करियर बनाने वाले विद्यार्थियों को स्क्रिप्ट राइटिंग के साथ साथ तकनीकी पहलुओं पर भी महारत हासिल करनी होगी। मॉस कम्यूनिकेशन के विद्यार्थियों के लिए रेडियो प्रसारण के क्षेत्र में सुनहरा भविष्य है। ये विचार वायरलैस मोनिटरिंग ऑर्गेनाइजेशन नई दिल्ली के इंस्पेक्शन इंजीनियर सुखबीर सिंह चौहान ने चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि रेडियो प्रसारण में करियर के लिए विभिन्न पद हैं जिनमें प्रमुख रूप से रेडियो इंजीनियर, रेडियो जॉकी, पत्रकार, लेखक आवाज कलाकार आदि शामिल हैं। एमेच्यर रेडियो बारे कहा कि विभिन्न आपदाओं से निपटने तथा जानकारी साझा करने का यह महत्वपूर्ण टूल है। विश्वविद्यालय के टैगोर लेक्चर थियेटर में आयोजित इस विस्तार व्याख्यान में मॉस कम्यूनिकेशन विद्यार्थियों के अतिरिक्त साहित्य के विद्यार्थियों ने भी शिरकत की। जेएमसी विभाग के अध्यक्ष डॉ. अमित सांगवान ने कहा कि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अजमेर सिंह मलिक के दिशा निर्देशन में विद्यार्थियों को व्यवहारिक रूप से दक्ष करने के उद्देश्य से विभाग समय-समय पर इस प्रकार के आयोजन करता रहता है। रेडियो एक ऐसा माध्यम है जो साक्षरता, मनोरंजन, शिक्षा और सामाजिक चेतना को फैलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।




**सिरसा।** विजेताओं को सर्टिफिकेट प्रदान करते हुए प्रो. राजबीर दलाल।

### हलवाई के बैंक खाते से 20 हजार उड़ाए

**फतेहाबाद।** जिले के गांव समैण निवासी एक हलवाई साइबर ठगों की जाल में फंस गया। ठगों ने उसके खाते से करीब 20 हजार रुपये चोरी कर लिए। गांव समैण निवासी राजेश कुमार ने शिकायत में कहा कि उसकी गांव में मेन बस अड्डे पर मिठाई की दुकान है। 28 जनवरी को उसके मोबाइल पर एक कॉल आई। फोन करने वाले ने कहा कि वह मास्टर जी बोल रहा है जो उसके पड़ोस में रहता है। उसे 20 हजार रुपये की जरूरत है। उसने समझा कि उसकी दुकान के पास मंदिर का पुजारी बोल रहा है। फोन करने वाले ने कहा कि वह उसे 50 रुपये भेज रहा है। पहले 50 रुपये आए और उसके बाद 19950 रुपये का एक लिंक भेजा । जैसे ही उसने वह लिंक खोला तो उसके खाते से 19950 रुपये कट गए। बाद में उसे अपने साथ हुई धोखाधड़ी का पता चला।

# छात्रों को बैंकिंग प्रणाली का ज्ञान जरूरी

- प्राइमरी स्कूल में बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा वित्तीय साक्षरता प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

विद्यार्थियों को बैंकिंग प्रणाली के बारे में जानकारी होना बेहद जरूरी है। इसी उद्देश्य से बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा हुडा सैक्टर 3 स्थित प्राइमरी स्कूल में वित्तीय साक्षरता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पहुंचे महेन्द्र धारनिया एडवोकेट, बैंक ऑफ बड़ौदा के सीनियर मैनेजर सुनील कुमार, मैनेजर प्रीति शर्मा ने विद्यार्थियों को वित्तीय साक्षरता से अवगत करवाया। स्कूल प्रिंसीपल द्वारा अतिथियों का विद्यालय में पहुंचने पर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा विद्यार्थियों को बताया गया कि बैंक में किस प्रकार से लेन-देन किया जाता है। कैसे हम बैंक में अपना खाता खोल सकते हैं और अन्य सुविधाओं का लाभ उठा सकते है। बैंक अधिकारियों ने बताया कि वे अपनी मातृभाषा हिन्दी में भी बैंकों में जाकर लेन-देन कर सकते हैं। प्रतियोगिता में विद्यालय के विद्यार्थियों ने भी भाग लिया। इन विद्यार्थियों को बैंक प्रबंधन द्वारा सम्मानित भी किया गया। महेन्द्र धारनियां एडवोकेट ने बताया कि आज के बच्चे कल का भविष्य हैं। अगर हम शुरू से उन्हें इस प्रकार की जानकारी देंगे तो आगे चलकर ऐसी जानकारियां भविष्य निर्माण में अहम साबित हो सकती है। इस अवसर पर बैंक ऑफ बड़ौदा से महेन्द्र मोंगा, स्कूल स्टाफ सदस्य, विद्यार्थियों के अभिभावक भी मौजूद रहे।



**फतेहाबाद।** हुडा सेक्टर 3 स्थित प्राइमरी स्कूल में विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते बैंक अधिकारी व अतिथिगण।

### रंग-रंगीला फाल्गुन महोत्सव आज से

**डिंग।** श्री खाटू श्याम मंदिर में तीन दिवसीय रंग रंगीला फाल्गुन महोत्सव 22, 23, 24 मार्च को धूमधाम से मनाया जाएगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए घनश्याम शर्मा ने बताया कि तीन दिवसीय महोत्सव को लेकर मंदिर में तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। उन्होंने बताया कि 22 मार्च को सांय सवा चार बजे श्री श्याम मेहंदी की रस्म होगी, जिसमें श्याम श्रद्धालु बड़े उत्साह से भाग लेंगे। इसी प्रकार 23 मार्च की सुबह सवा 9 बजे श्री श्याम प्रभु का नगर भ्रमण के तहत शोभा यात्रा निकाली जाएगी, जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु भाग लेंगे। शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम की अगली कड़ी में 24 मार्च को विशाल जागरण व भंडारा आयोजित किया जाएगा। जागरण में 'योत प्र'जवलन के लिए सिरसा के विधायक गोपाल कांडा व उनके अनुज गोबिंद कांडा अपनी उपस्थिति दर्ज करवाएंगे। वहीं मुख्यातिथि के रूप में राजू संपत, महेंद्र गर्ग, बजरंग शर्मा, जितेंद्र सिंगला, स्वर्णलाल बतरा व संजीव लूथरा शिरकत करेंगे। जागरण में सोनम मल्होत्रा, आकाश सागर, विशु गर्ग, बिट्टू द्वारका, जेपी स्वामी अपनी मधुर आवाज से बाबा की महिमा का गुणगान करेंगे।

# ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**फतेहाबाद।** जिले के टोहाना क्षेत्र के गांव हांसेवाला में 17 वर्षीय युवक की ट्रेन की चपेट में आने से मौत होने का समाचार है। इस बारे सूचना मिलते ही रेलवे पुलिस हिसार की टीम मौके पर पहुंची और मृतक युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हिसार के नागरिक अस्पताल भेजा गया। जहां वीरवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। मृतक युवक की पहचान गांव हांसेवाला निवासी अंकुश के रूप में हुई है। पुलिस के जांच अधिकारी बलवंत सिंह ने बताया कि गांव हांसेवाला निवासी सज्जना सिंह खेती बाड़ी का काम करता है। उसका इकलौता बेटा 17 वर्षीय अंकुश बीते दिन शाम करीब 6 बजे घर से गया था लेकिन वापस नहीं लौटा। इस पर परिवार के लोगों ने उसकी तलाश शुरू कर दी। इस दौरान गांव से करीब एक किलोमीटर दूर रेलगाड़ी रुकी हुई दिखी। उन्होंने मौके पर जाकर देखा तो अंकुश ट्रेन की चपेट में आया हुआ था। इस पर परिजनों द्वारा इस बारे हिसार रेलवे पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर अंकुश को हिसार के नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने हिसार के नागरिक अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### लाखों की लकड़ी चोरी का आरोपी काबू

**फतेहाबाद।** बीघड़ रोड से लाखों रुपये की लकड़ी चोरी करने के मामले में कार्यवाही करते हुए शहर फतेहाबाद पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पकडे गये आरोपी की पहचान कृष्ण कुमार निवासी भट्टूकलां के रूप में हुई है। बरामद की गई लकड़ियों की कीमत करीब 5 लाख रुपये बताई जा रही है। इस बारे जानकारी देते हुए थाना शहर फतेहाबाद के एसएचओ रणजीत सिंह ने बताया कि इस बारे सूर्या इन्क्लेव फतेहाबाद निवासी ललित मोहन ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई थी। अपनी शिकायत में ललित मोहन ने करीब एक करोड़ रुपये की लकड़ियां चोरी होने का आरोप लगाया था। इस मामले में कार्यवाही करते हुए प्रधान सिपाही कुलदीप सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने जांच पड़ताल की और एक आरोपी कृष्ण कुमार को भट्टूकलां से गिरफ्तार कर उसके पास से चोरीशुदा लकड़ियां बरामद कर ली है। एसएचओ रणजीत सिंह ने बताया कि आरोपी से पूछताछ की जा रही है। पूछताछ में अन्य आरोपियों का भी खुलासा हुआ है, जिन्हें जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पकड़े गए आरोपी को अदालत में पेश किया गया है।

## पहली राष्ट्रीय रिंगेट चैम्पियनशिप में हरियाणा की टीम ने मारी बाजी

# प्रतियोगिता में फतेहाबाद के खिलाड़ियों का दबदबा

- तेलंगाना की टीम दूसरे व पंजाब की टीम तीसरे स्थान पर रही

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

आईस स्केटिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा गुड़गांव में पहली राष्ट्रीय रिंगेट चैम्पियनशिप का आयोजन किया गया। इस चैम्पियनशिप में देश के 7 राज्यों की टीमों ने भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में हरियाणा की टीम ने सभी प्रतिद्वंद्वी टीमों को पछाड़ते हुए पहला स्थान हासिल किया जबकि तेलंगाना की टीम दूसरे व पंजाब की टीम तीसरे स्थान पर रही। हरियाणा की टीम में फतेहाबाद के खिलाड़ियों ने अपने शानदार प्रदर्शन की बदौलत हरियाणा को जीत दिलवाने में अहम भूमिका निभाई। हरियाणा की टीम में फतेहाबाद से कपिश कौशल, गुरसहज सिंह, दक्ष, समरीनप कौर, गीतांश मेहता, तुषार, अनुराग व रोमी शामिल रहे। इंडियन रिंगरेट संगठन के वाइस प्रेसीडेंट और फतेहाबाद के प्रमुख कोच प्रमोद कौशिक ने इन विजेता खिलाड़ियों का स्वागत करते हुए इन्हें बधाई दी और इनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। प्रमोद कौशिक ने बताया कि रिंगेट बर्फ के मैदान में हॉकी की तरह खेला जाने वाला खेल है। हरियाणा में अभी तक केवल गुडगांव में ही इस तरह का ग्राऊंड होने के कारण वहीं इस तरह की चैम्यिनशिप का आयोजन होता है। वर्ष 2025 में फिनलैंड में होने वाले रिंगेट वर्ल्ड कप में इस बार इंडिया की टीम भी भाग लेगी। इसको लेकर एसोसिएशन द्वारा जोर-शोर से तैयारियां की जा रही है। खिलाड़ियों को विशेष कोचिंग देकर उनकी प्रतिभा को निखारा जा रहा है। इसी कड़ी में इस चैम्यिनशिप का आयोजन किया गया था। मुख्य अतिथि जगराज सिंह साहनी, महासचिव आईस स्केटिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया व बिजेन्द्र सिंह लोहान, प्रधान आईस स्केटिंग संगठन हरियाणा ने ट्राफी देकर सम्मानित किया।




**फतेहाबाद।** राष्ट्रीय रिंगेट चैम्पियनशिप की विजेता टीम को सम्मानित करते पदाधिकारी। *फोटो : हरिभूमि*

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर इंडियन रिंगेट संगठन के प्रधान गुरबेअंत सिंह, सचिव व हरियाणा ओलम्पिक एसोसिएशन के उपप्रधान महेन्द्र कम्बोज, इंडियन रिंगेट संगठन के कैशियर पवन कुमार, इंडियन कॉर्न होल संगठन के प्रधान नंद सिंह कौड़ी, हरियाणा ओलम्पिक एसोसिएशन के एग्जीक्यूटिव मैम्बर रमन कम्बोज व इंडियन रिंगेट संगठन के उपप्रधान प्रमोद कौशिक व तेलंगाना के जनरल सेक्रेटरी मोहम्मद नासिर विशेष तौर पर मौजूद रहे।

# एसपी ने पुलिस अधिकारियों और प्रभारियों की ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिरसा

पुलिस कर्मचारी आदर्श चुनाव संहिता का पालन करें तथा आगामी 25 मई को होने वाले लोक सभा चुनाव को पूरी तरह से निष्पक्ष व स्वतंत्र रुप से करवाने के लिए तैयारियों में जुट जाएं तथा चुनाव से संबंधित सभी कार्य शीघ्र पूरा करें। चुनाव आयोग के निर्देशो की दृढ़ता से पालना करें तथा मांगे गए जबाव को निर्धारित समय अवधि में संबंधित अधिकारियों को भेजना सुनिश्चित करें।

उक्त निर्देश पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण ने जिला के सभी पुलिस अधिकारियों थाना प्रभारी तथा कार्यालय के सभी शाखा प्रभारियों की बैठक को संबोधित करते हुए दिए। जिला पुलिस की ओर से किए जाने वाले सुरक्षा प्रबंधों पर भी विचार विमर्श किया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कदम उठाने तथा सभी कार्य शीघ्र पूरा करने को कहा। उन्होंने पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों से चुनाव के दौरान किए जाने वाले सुरक्षा प्रबंधों की जानकारी ली और समीक्षा उपरांत जरुरी दिशा निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि सभी थाना प्रभारी अपने-अपने क्षेत्र के विभिन्न मामलों में वांछित अपराधियों की धर पकड़ तेज करें। जिला के साथ लगती पंजाब तथा राजस्थान सीमा पर पूरी चौकसी बरते तथा नियमित नाकों के अलावा संयुक्त नाकाबंदी कर आने जाने वाले वाहनों तथा व्यक्तियों पर पैनी नजर रखें। आदतन अपराधियों की हिस्ट्री सीट खोलें तथा उनकी दैनिक गतिविधियों पर पैनी नजर रखें।

सेलिब्रेशन
शिखर चंद जैन

# दुनिया भर में मचती है होली की धमाल



बच्चों, होली सिर्फ अपने देश भारत ही में नहीं दुनिया के कई देशों में मनाई जाती है। कई देशों ने तो होली से प्रभावित होकर अपने देश में भी होली की शुरुआत कर दी है। आओ जानते हैं, विदेशों में होली कैसे खेली जाती है?

## द कलर रन

**ब्रिटेन की** राजधानी लंदन में भी होली के रंगों की बहार देखी जा सकती है। यहां 'द कलर रन' नाम का फेस्टिवल मनाया जाता है। इस अवसर पर खूब मौज-मस्ती और रंगों की बौछार के साथ जॉगिंग और रनिंग भी होती है। अपने नाम के मुताबिक ही इस फेस्टिवल में हिस्सा लेने वाले एकदम सफेद झक शर्ट पहन कर पांच किलोमीटर की दौड़ लगाते हैं। हर एक किलोमीटर का सफर तय करने पर रनर पर रंगों और तरह-तरह के गुलालों की बौछार की जाती है। *



## बोरायोंग मड फेस्टिवल

**साउथ कोरिया** से करीब 200 किलोमीटर दूर साउथ ऑफ सियोल में हर वर्ष गर्मियों में 'बोरायोंग मड फेस्टिवल' मनाया जाता है। अपने नाम के अनुसार ही इस फेस्टिवल में लोग एक-दूसरे पर कीचड़ और गीली मिट्टी लगाते हैं। लोगों को इस फेस्टिवल में खूब मजा आता है। यह फेस्टिवल निश्चित रूप से भारत के फाग उत्सव से ही प्रेरित है। *

## गार्मा फेस्टिवल



**ऑस्ट्रेलिया में** लोग रंगों के फेस्टिवल को गार्मा फेस्टिवल नाम से मनाते हैं। इस फेस्टिवल में शरीर को चमकीले और चटख रंगों से रंग कर पूरे दिन धमाल और नाच-गाना किया जाता है। यह फेस्टिवल ऑस्ट्रेलिया में अर्नहेम के गुलकुला नामक स्थान में मनाया जाता है। *

## लाइफ इन कलर



**बच्चों, जिस** त्योहार का नाम ही 'लाइफ इन कलर' यानी रंगों में जीवन हो, वह कितना जीवंत त्योहार होगा, अंदाजा लगाया जा सकता है। फ्लोरिडा (अमेरिका) में आयोजित किया जाने वाला यह फेस्टिवल ज्यादा पुराना नहीं है। इसे 2011 में एक कॉलेज फेस्ट के रूप में शुरू किया गया था। इस अवसर पर लोगों को रंगों से खेलना इतना पसंद आया कि अब यह फेस्टिवल हर साल सिर्फ फ्लोरिडा में ही नहीं, पूरी दुनिया में चर्चित हो चुका है। यह फेस्टिवल दुनिया की सबसे बड़ी पेंट पार्टी के रूप में पॉपुलर फेस्टिवल बन चुका है। *

## होली गार्डन फेस्टिवल



**स्पेन के** इबिजा द्वीप में भारत की होली से इंस्पायर होकर लोग 'होली गार्डन फेस्टिवल' मनाते हैं। इबिजा के बेनीमूसा पार्क में इस फेस्टिवल को बड़े पैमाने पर मनाया जाता है। इसके अलावा और भी कई शहरों में इस फेस्टिवल को मनाया जाता है। सबसे पहले इबिजा में 21 अगस्त 2014 को पर्यटकों ने इस फेस्टिवल को मनाया था। इसके बाद हर साल इसे धूमधाम से मनाया जाता है। यह फेस्टिवल शाम 4.30 बजे शुरू होता है, जो मध्य रात्रि तक मनाया जाता है। *

## होली वन



**भारत के** पर्व होली ने दुनिया भर के लोगों को इतना मोह लिया है कि यह पर्व हर देश मानना चाहता है। साउथ अफ्रीका के केप टाउन में होली की तरह एक पर्व 'होली वन' के नाम से मनाया जाता है। इस दौरान हजारों लोग सफेद कपड़े पहनकर रंगों में सराबोर हो जाते हैं। इस दौरान खूब मौज-मस्ती करते हैं। यहां हमेशा इको फ्रेंडली, स्किन के लिए सेफ कलर ही यूज किए जाते हैं। साथ ही इस फेस्टिवल के दौरान शराब पीना, कांच तोड़ना या कीचड़ का इस्तेमाल करना सख्त मना होता है। केप टाउन में 'होली वन' फेस्टिवल बहुत शालीनता से मनाया जाता है। *

कहानी / डॉ. अलका जैन 'आराधना'

नमन और गौरव बहुत अच्छे दोस्त हैं। लेकिन गौरव एक बात को लेकर नमन से नाराज हो गया। नमन ने होली के दिन उसके गुलाल लगाकर मनाने की सोची। क्या गौरव ने अपनी नाराजगी भूलकर नमन के गुलाल लगाने पर उसे गले लगाया?

# हैप्पी होली



होली नमन का सबसे पसंदीदा त्योहार है। पिछले साल तो नमन को होली का विशेष रूप से इंतजार था, क्योंकि उसे अपने दोस्त गौरव को गुलाल लगाकर मनाना था। कुछ दिन पहले गौरव ने उससे व्हाट्सएप पर एग्जाम की तैयारी वाली वर्कशीट्स मांगी थी। नमन ने देने के लिए हां तो कर दी, लेकिन बाद में भूल गया। वह दो-तीन दिन के लिए मम्मी-पापा के साथ अपने एक रिश्तेदार के यहां शादी में शामिल होने के लिए भोपाल चला गया था।

बस इसी बात से गौरव नाराज हो गया। गौरव को लगा, नमन ने उसे जानबूझकर वर्कशीट नहीं दी। हालांकि नमन ने गौरव से कहा कि उसके मन में ऐसी कोई बात नहीं थी। बस वर्कशीट भेजने की बात उसके दिमाग से ही निकल गई। नमन ने गौरव को बहुत समझाने की कोशिश की पर वह माना ही नहीं। नमन ने सोचा कि होली पर गौरव के घर जाकर उसे प्यार से गुलाल लगाएगा तो वह जरूर मान जाएगा। होली वाले दिन नमन अपनी पिचकारी और गुलाल की थैली लेकर गौरव के घर जा पहुंचा। उसने कई बार डोर बेल बजाई, लेकिन किसी ने दरवाजा ही नहीं खोला। बहुत देर तक डोर बेल बजाते रहने के बाद गौरव की दादी ने दरवाजा खोला। नमन ने उनके पांव छुए। दादी ने उसके सिर पर हाथ रखकर ढेर सारा आशीर्वाद दिया। उन्होंने बताया, 'गौरव को बुखार है, इसलिए वह होली नहीं खेल पाएगा।' यह सुनकर नमन उदास हो गया। अपनी पिचकारी और गुलाल वहीं गमले के पास रखकर वह भीतर गया तो देखा, गौरव अपने कमरे में सो रहा है। दादी ने नमन को गुझिया खिलाई। गौरव के मम्मी-पापा ने भी नमन को होली की शुभकामनाएं दीं।

नमन वापस आने को ही था कि गौरव की आवाज सुनाई दी, 'कौन है मम्मी?' नमन तुरंत गौरव के कमरे में गया। उसके पास जाकर बहुत प्यार से बोला, 'हैप्पी होली गौरव। दोस्त मुझे माफ करना, मैंने तुम्हारा दिल दुखाया है।'

यह सुनकर गौरव बोला, 'अरे नहीं, मैंने ही तुम्हें गलत समझा। तुम तो मुझे कितने ही सालों से पढ़ाई में मदद करते आए हो। मैं एक बार जरा सी भूल होने पर नाराज हो गया। माफी तो मुझे मांगनी चाहिए। मैंने सोचा था कि इस बार होली पर आकर तुम्हें गुलाल लगाकर सॉरी कहूंगा, लेकिन तबीयत ही खराब हो गई।'

नमन तुरंत बोला, 'मुझे खुशी है, हमारी दोस्ती का मुरझाया फूल एक बार फिर से खिल उठा है।' इसी बीच दादी थोड़ा-सा गुलाल लेकर आ गईं। दोनों बच्चों ने एक-दूसरे के गालों पर बहुत प्यार से गुलाल लगाया और बोले, 'हैप्पी होली!' *

## जीके क्विज-96

1. लोकसभा चुनावों के साथ किस पूर्वोत्तर राज्य में विधान सभा के चुनाव भी होंगे?
2. हाल में नियुक्त दो चुनाव आयुक्त कौन हैं?
3. देश के अगले लोकसभा के चुनाव कब से शुरू होंगे?
4. दूध की शुद्धता किससे नापी जाती है?
5. कीर्ति मंदिर स्थान का नाम किस महापुरुष से संबंधित है?
6. राइट बंधुओं का नाम किस खोज से जुड़ा है?
7. घूमर लोकनृत्य किस राज्य का लोकनृत्य है?
8. कर्क रेखा देश के कितने राज्यों में से होकर गुजरती है?
9. भारत में सबसे लंबी दूरी तक बहने वाली नदी कौन सी है?
10. ब्लादिमिर पुतिन एक बार फिर किस देश के राष्ट्रपति चुने गए?



बच्चों, जीके क्विज-96 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-95 का उत्तर :** 1-नायब सिंह सैनी, 2- अग्नि 5, 3-शुतुरमुर्ग का अंडा, 4-मंगल ग्रह, 5-असम, 6-पश्चिम बंगाल, 7-दूध, 8-नालंदा विश्वविद्यालय, 9-भूटान, 10-आंध्र प्रदेश

**जीके क्विज-95 का सही उत्तर देने वाले:** ईशान-अहमदाबाद, सरबजीत-करनाल, रौनक-जांजगीर चांपा, आकांक्षा-अहमदाबाद, जयप्रकाश-मेल से, विजय प्रकाश-सिंगरौली, कबीर-हिसार, गीतेश-रायपुर, करन-मेल से, यश-धरसवा

## बूझो तो जानें

1
प्यारा रंगों का त्योहार
फागुन में आता हर बार।
उड़ता खूब अबीर, गुलाल
जल्दी बतलाओ मेरा नाम।।

2
प्लास्टिक या लोहे की होती
रंगों से है खूब भिगोती।
होली के दिन आती काम
बच्चों बताओ मेरा नाम।।

3
मेवा-मावा से है भरी
तली हुई प्लेटों में धरी।
फूला-फूला उसका पेट
नाम बताओ, करो ना देर।


-गौरीशंकर वैश्य विनम्र

उत्तर: 1-होली, 2-पिचकारी, 3-गुझिया

कहानी
डॉ. नागेश पांडेय 'संजय'

केतन अपने पापा और मामा जी के साथ होली के लिए बाजार में पक्के रंग खरीदने आया तो मामा जी रंग खरीदने के बजाय सब्जियां खरीदने लगे। खीझ कर जब केतन ने टोका तो मामा जी बोले, 'दिला तो दिए रंग!' पहले तो केतन को मामा जी की बात समझ नहीं, जब समझ में आई तो वह खुशी से चहक उठा। केतन इतना खुश क्यों हो गया?

# महकते हुए रंग



केतन स्कूल से घर आया तो चहकते हुए बोला, 'मम्मी! मुझे सौ रुपए दो।'

'सौ रुपए? अरे! भला क्यों!' मम्मी ने जानना चाहा।

'अरे मम्मी, होली आ रही है न। मुझे पक्के रंग खरीदने हैं। पता है, इस बार तो मैं अपने दोस्तों को खूब रंगूंगा। और वह जो दीपू है न, जो बिल्कुल नन्हा हाथी-सा लगता है। उसे तो चाहे कुछ भी हो जाए, मैं उसे सफेद पेंट से रंगूंगा। थाईलैंड का हाथी लगेगा वह.. हा.. हा हा..।'

'थाइलैंड का?' मम्मी चौंकीं, 'क्या मतलब!!' 'अरे मम्मी, बस... रुपए दो। ज्यादा बात नहीं अभी।' केतन मचला।

'लेकिन बताओ तो सही, मैं भी तो जानूं।' मम्मी बोलीं। केतन ने बताया, 'अरे मम्मी, थाइलैंड में सुनते हैं कि सफेद हाथी होते हैं। उसे सफेद हाथियों का देश कहा जाता है।'

मम्मी हंस पड़ीं, 'लेकिन मेरे पास तो रुपए हैं नहीं। पापा आएं तो उनसे लेना।'

ऊं हूं...।' केतन ने पैर पटके और अपने कमरे में चला गया। शाम को पापा आए तो उनके साथ मामा जी भी थे। केतन उन्हें देखते ही चहक उठा, 'मामा जी, हैप्पी होली इन एडवांस।' 'हैप्पी होली, प्यारे..।' मामा जी ने आंखें मटकाईं फिर बोले, 'और होली पर क्या तैयारी है भांजेश्री?'

'कोई तैयारी नहीं मामा जी। आज दोपहर में ममा से रुपए मांगे थे। उन्होंने दिए ही नहीं।' फिर जैसे अचानक केतन को याद आ गया कि पापा से तो रुपए लेने हैं। वह मचलते हुए बोला, 'पापा, रुपए दीजिए। मुझे रंग लाना है।' मम्मी बीच में बोल पड़ीं, 'पापा और मामा से न पानी पूछा, न चाय। बस, अपनी फरमाइश पेश कर दी।'

'ओह मम्मी, वह तो आपका काम है न। मुझे तो रंग लाना है।' केतन हाथ हिलाते हुए बोला। मामा हंस पड़े, 'अरे! मैं तो सोचता था कि केतन बड़ा हो गया है, लेकिन यह तो अभी तक बच्चा ही है।'

'हां, बच्चा ही तो हूं मामा जी।... मुझे तो रंग लेने हैं। खूब गहरे और कभी न छूटने वाले।' केतन एकदम छोटा बच्चा-सा बन गया। 'ठीक है, ठीक है, चिंता न करो। रंगों के सेलेक्शन में मैं तुम्हारी मदद करूंगा।' मामा जी केतन के कंधे पर हाथ रखते हुए बोले। 'तो आप अभी बाजार चलेंगे न!' केतन ने बात पक्की करनी चाही।

'हां, हां.. चलेंगे.. जरूर चलेंगे।' मामा जी ने श्योर किया।

चाय-नाश्ता कर मामा और पापा के साथ केतन उछलता हुआ बाजार चल दिया। रास्ते में रंगों की दुकान दिखी। केतन पापा को उधर खींचने लगा, लेकिन मामा जी उन्हें दूसरी ओर ले गए। उधर एक बूढ़ी अम्मा पालक बेच रही थीं। मामा जी ने सारी खरीद ली।

केतन बोला, 'अब लें रंग...।' लेकिन मामा जी तो चुपचाप आगे बढ़ गए। उधर चुकंदर बिक रहे थे। मामा ने पांच किलो खरीद लिए। केतन खिसियाया, 'मामा जी, आपको सब्जी की पड़ी है। अरे! पहले रंग...!' मामा जी हंसे, 'अरे घबराओ नहीं, ले लेंगे।'

केतन अनमना-सा रंग की दुकानें देख रहा था। मामा जी तो इधर-उधर सब्जी और फलों की दुकानें ताक रहे थे। अब वे संतरे की दुकान पर ठिठक गए। दो दर्जन संतरे लिए। फिर डैडी से बोले, 'गाजर किधर मिलेंगी?

केतन झुंझला-सा गया, 'मामा जी, क्या आप भी...! अरे! अब बस भी करिए। ...गाजर तो मम्मी ने कल ही खरीदी थी।'

मामा जी इधर-उधर कुछ खोजते हुए बोले, 'अच्छा, तब ठीक है, लेकिन धनिया और पुदीना तो ले लें, फिर घर चलते हैं।'

'घर चलेंगे ...!' केतन मुंह बिचका कर बोला। मामा जी उसे देखकर जोर से हंस पड़े और बोले, 'केतन जी को गुस्सा आया, केतन जी ने मुंह बिचकाया।'

'मामा जी! आपकी सब्जियां देखकर मुंह बिचका रहा हूं।' केतन रुआंसा हो गया था। उसने पैर पटके। अपने पापा से बोला, ' आप रंग कब दिलाएंगे?'

'अरे! दिला तो दिए।' बीच में ही मामा जी बोले। 'कब..?' केतन आंखें फाड़कर बोला। मामा जी ने बताया, 'प्यारे, इन सब्जियों में ही तो रंग छिपे हैं, नेचुरल रंग। कल देखना, इनसे मैं कैसे कितने सारे रंग तैयार करता हूं। इन रंगों से कोई नुकसान भी नहीं होगा। जो रंग बाजार में बिक रहे हैं, उनमें केमिकल होता है। इस बार हम प्राकृतिक रंगों से होली खेलेंगे। घर पर रंग बनाएंगे, नए ढंग से होली मनाएंगे।'

केतन चहक उठा, 'अब समझा, आप तो नेचुरल रंग खरीद रहे थे। मैं तो बेकार में ही परेशान हो रहा था। मामा जी, मैंने घर में गुलाब के पौधे लगाए हैं। आप इनमें गुलाब के फूल भी डाल दीजिएगा। फिर तो महकते हुए रंग तैयार होंगे न!'

'वाह! प्यारे, तुम तो वास्तव में बहुत होशियार हो।' पापा और मामा जी दोनों एक साथ बोले। केतन उछलता-कूदता उनके साथ घर की ओर चल दिया। *

कविता
सूर्य कुमार पांडेय



# फूलों की रंगीन डाली है होली

अनोखी है होली, निराली है होली,
सभी को खुशी देने वाली है होली।
कोई फाग, कोई कबीरों में डूबा,
कोई है गुलालों-अबीरों में डूबा।
हरी, लाल, पीली है, काली है होली,
सभी को खुशी देने वाली है होली।
कोई खा गया, देखो मेवे फटाफट,
कोई कर गया सारे पापड़ सफाचट।
महापेटुओं वाली थाली है होली,
सभी को खुशी देने वाली है होली।
भुलाकर हर नफरत, गले मिलना सीखो,
हो तुम फूल तो, फूल-सा खिलना सीखो।
कि फूलों की रंगीन डाली है होली,
सभी को खुशी देने वाली है होली।

## रंग भरो-146

**रंग भरो-146** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





जतिन, कोंडागांव



अंजलि, फरीदाबाद



पलक, धमतरी



गौरांग, रायपुर



अंकिता, धमतरी



सुयश, बिलासपुर

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

संध्या साहू-दुर्ग, वेदिका-बालोद, पवन-जींद, हर्षिता-भोपाल, अमन-भिलाई, हरीश-जबलपुर, पूजा-रोहतक, मलाइका-कोरबा, अनिल-दिल्ली, वैदेही-रायपुर, प्रकाश-करनाल, राजू-डोंगरगढ़, प्रतिमा-जशपुर, अभिलाषा-महेंद्रगढ़, रानी-बस्तर, राजेश-दुर्ग

## रंग भरो 147



बच्चों, यहां पर पिचकारी में रंग भरकर होली खेलते हुए एक बच्चे का चित्र दिया गया है। इसको मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।

## गिनकर बताओ

बच्चों, दिए गए चित्र में कई सारी पिचकारियां दिख रही हैं। तुम्हें जल्दी से गिनकर बताना है कि चित्र में पिचकारियों की कुल संख्या कितनी है?



उत्तर: 30 पिचकारियां

## खबर संक्षेप



### डोडा पोस्त सहित युवक को किया गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** नशा तस्करी के आरोप में पुलिस ने गांव हिजरावां कलां से एक युवक को गिरफ्तार कर डोडा पोस्त बरामद किया है। मिली जानकारी के अनुसार सीआईए स्टाफ फतेहाबाद पुलिस की टीम एएसआई प्रवीन कुमार के नेतृत्व में नशीले पदार्थों की तस्करी रोकने को लेकर गश्त के दौरान गांव हिजरावां कलां में चौराहे पर मौजूद थी। इसी दौरान हिजरावां कलां गांव की तरफ से एक युवक पैदल प्लास्टिक कट्टा लिए आता दिखाई दिया। उक्त युवक सामने पुलिस टीम को देखकर घबरा गया और वापस मुड़कर तेज कदमों से चलने लगा। शक के आधार पर पुलिस कर्मचारियों ने पीछा कर उसे कुछ ही दूरी पर काबू कर लिया।

### कार चोरी का आरोपी काबू, कार बरामद

**ओढां।** ओढां थाना पुलिस ने चोरी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी अनिल कुमार ने बताया कि बीती 19 मार्च को हरबंस सिंह निवासी घुकांवाली ने शिकायत पर नया बस अड्डा ओढां से चोरी होने का मामला दर्ज किया गया था। आरोपी की पहचान विकास उर्फ काला निवासी बनवाला के रुप में हुई है। आरोपी के कब्जे से चोरी की गई बाइक भी बरामद की गई है।

### छात्राओं ने फहराया सफलता का परचम

**सिरसा।** राजेंद्र स्कूल ऑफ नर्सिंग संस्थान की छात्राओं ने जिला में पहले तीन स्थानों को हासिल कर अपने संस्थान को गौरवान्वित किया है। प्राचार्या कुलविंदर कौर ने बताया कि पंडित भगवत दयाल शर्मा यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ साइंसेज रोहतक की ओर से जीएनएम द्वितीय वर्ष के घोषित किए गए परिणामों में उनके संस्थान की छात्रा जसप्रीत कौर ने 700 में से 546 अंक लेकर पूरे जिले में प्रथम, सिमरनजीत ने 700 में से 538 अंक व छात्रा हरमनदीप ने 535 अंक हासिल कर जिलेभर में तीसरा स्थान प्राप्त किया।

## नगर परिषद हर साल खर्च करेगी 45 लाख रुपये

# अब जाखल में डोर टू डोर उठाया जाएगा कूड़ा-कचरा

**जाखल मंडी को गंदगी मुक्त करने के लिए नगर पालिका ने शहर की साफ-सफाई को लेकर टेंडर खोला**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जाखल

शहर को गंदगी मुक्त करने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा सख्त आदेश जारी है। इसको लेकर जाखल मंडी को गंदगी मुक्त करने के लिए नगर पालिका ने शहर की साफ-सफाई को लेकर टेंडर खोल दिया है। अब ठेकेदार के माध्यम से शहर के सभी 14 वार्डों की साफ सफाई करवाई जाएगी। जारी किए गए टेंडर के अनुसार घर-घर से जाखल में अब डोर टू डोर कचरा एकत्रित किया जाएगा। इस कार्य पर प्रति वर्ष 45 लाख रुपये का खर्च आएगा। इस सफाई का टेंडर सिरसा की भोले शंकर नामक फर्म को दिया गया है। अधिकारियों का कहना है कि शहर में प्रतिदिन 7 टन कूड़ा एकत्रित होता है, जिसे यह फर्म एकत्रित करेगी।




**जाखल।** नगर पालिका कार्यालय का दृश्य।

### सफाई नहीं हुई तो लगेगा जुर्माना

जिस कंपनी को कूड़ा उठाने का टेंडर दिया गया है, उसके द्वारा स्वीकार की गई शर्तें एवं नियमों के अनुसार अगर किसी भी दिन उक्त वार्डों के अंदर एक दिन भी सफाई नहीं हुई तो नगरपालिका की ओर से प्रतिदिन के हिसाब से करीब 5 हजार रुपये तक जुर्माना लगाया जा सकता है। इन वार्डों के अंदर हुई सफाई का जायजा नगर पालिका प्रशासन द्वारा लिया जाएगा। ठेकेदार के वाहन चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने वाले अस्पतालों का बायो मेडिकल वेस्ट एकत्रित नहीं करेंगे। अगर किसी भी अस्पताल, लेबोरेटरी या चिकित्सालय द्वारा कूड़ा कचरा में बायो मेडिकल वेस्ट फेंका गया तो उसके खिलाफ नियमानुसार आगामी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

### तीन गाड़ियां उठाएंगी शहर का कूड़ा

नगर पालिका द्वारा जारी किए गए टेंडर के अनुसार डोर टू डोर कूड़ा उठाने के लिए ठेकेदार द्वारा 3 गाड़ियां लगाई जाएंगी, जो शहरभर में घूमकर कूड़ा एकत्रित करेंगी। इनमें से 2 गाड़ियां शहर की तरफ रहेंगी और 1 गाड़ी रेलवे स्टेशन की तरफ नई बस्ती में रहेगी। इसके उपरांत एकत्रित होने वाले कूड़े को शहर से बाहर गिराया जाएगा।

### क्या कहते हैं नगर पालिका जेई

इस बारे में नगर पालिका जेई से बातचीत की गई तो उन्होंने कहा कि जाखल मंडी में सफाई व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए करीब 45 लाख की राशि खर्च की जाएगी। जिसमें शहर के 14 वाडा्रे की सफाई की जाएगी। शहर में सफाई व्यवस्था को लेकर किसी भी तरह से कोई कमी नहीं रहेगी। इसके लिए विशेष दिशा निर्देश दिए गए हैं।

**रविकांत, जेई नगर पालिका जाखल**

# पॉयनियर स्कूल का सफलतम 15वें वर्ष में पदार्पण, दर्ज हैं कई उपलब्धियां

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फतेहाबाद

शहर के प्रमुख शिक्षण संस्थान पॉयनियर कान्वेंट स्कूल के लिए स्वर्णिम दिन है। आज ही के दिन 21 मार्च 2010 को इस विद्यालय का शुभारम्भ हुआ था। शिक्षाविद् स्व: कैलाश चंद्र रूखाया की प्रेरणा, मार्गदर्शन से यह विद्यालय आज शिक्षा के क्षेत्र में उदयीमान सितारे की तरह चमक कर बुलंदियों को छू रहा है। शिक्षा के साथ-साथ यह विद्यालय खेल, सामाजिक, सांस्कृतिक, अनुशासन व संस्कारों की पाठशाला के रूप में जिले का बेहतरीन शिक्षा संस्थान गिना जाता है। मैनेजिंग डायरेक्टर विजय



**फतेहाबाद।** पॉयनियर कान्वेंट स्कूल।

निमारेही ने कहा कि इस विद्यालय के बच्चों ने डॉक्टर, इंजीनियर, सीए, एडवोकेट, प्राध्यापक, बैंकर, एयरफोर्स व सफलतम उद्यमी तथा कारोबारी बन न केवल देश में बल्कि विदेश में भी विद्यालय का नाम रोशन किया है। इस विद्यालय के होनहार छात्र आदित्य सेठी ने गत वर्ष इसरो में एक वैज्ञानिक के रूप में नियुक्त होकर विद्यालय की प्रतिष्ठा को चार चांद लगा दिये हैं। स्कूल की अण्डर-17 क्रिकेट टीम इस बार स्टेट चैम्पियन रही तथा नेशनल में भी सिल्वर मेडल हासिल कर पूरे हरियाणा प्रदेश का नाम रोशन किया। स्कूल के 11 बच्चों ने इस वर्ष जे.ई.ई. 2024 मेन्स के परीक्षा परिणाम में इतिहास रचा। इसी तरह नीट मेडिकल परीक्षा में भी शानदार परिणाम आने की संभावना है। इन सभी छात्रों ने स्कूल में रहकर ही अपनी सारी शिक्षा ग्रहण की। प्रिंसिपल गीतिका महता, वाईस प्रिंसिपल मैत्री निमारेही व डायरेक्टर निशांत निमारेही के कुशल प्रशासन व मार्गदर्शन में यह विद्यालय उतरोतर तरक्की की ओर अग्रसर है।

## नशीली दवाई बेची तो होगी कार्रवाई : डीएसपी

**डबवाली।** डबवाली क्षेत्र में नशे के बढ़ते कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस ने अपनी कमर कस ली है। नशा सेवन करने वालों व नशा बेचने वालों के खिलाफ अभियान के साथ ही डबवाली पुलिस ने मेडिकल स्टोर पर बिकने वाली प्रतिबंद्धित नशे की दवाईयां, कैप्सूल पर अंकुश लगाने की कवायद भी तेज कर दी है।इसी कड़ी में उपपुलिस अधीक्षक डबवाली जयभगवान ने थाना शहर डबवाली में मेडिकल स्टोर संचालकों के साथ बैठक की और मेडिकल स्टोर सचांलकों को नशीली दवाइयों को न बेचने बारे सख्त हिदायत दी है। उपपुलिस अधीक्षक ने कहा है कि वे किसी भी सूरत में नशीली दवाई न बेंचें। उन्होंने कहा कि पुलिस जहां मादक पदार्थ तस्करों पर लगातार शिकंजा कस रही है, वहीं अब मेडिकल संचालकों पर भी पुलिस की पैनी नजर रहेगी और जो भी मेडिकल संचालक नशे के कारोबार में संलिप्त पाया गया तो उसके खिलाफ पुलिस कड़ी कार्रवाई करेगी। उन्होंने कहा कि उनके नोटिस में आया है कि कुछ लोग दूसरों के नाम पर रजिस्ट्रेशन करवाकर मेडिकल स्टोर चला रहे हैं, पुलिस उन मेडिकल स्टोर संचालकों की जांच करवाएगी तथा दूसरे के नाम पर मेडिकल स्टोर चलाने वाले संचालकों का रजिस्ट्रेशन कैंसिल करवाकर उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि डॉक्टरों की अधिकृत पर्ची के बिना दवाइयां बेचने वाले मेडिकल संचालकों पर भी कार्रवाई होगी। उन्होंने आमजन से आह्वान करते हुए कहा कि वे गांव में स्थित मेडिकल स्टोर संचालकों पर विशेष ध्यान रखें कि मेडिकल स्टोर संचालक किस प्रकार की दवाइयां बेच रहे हैं, यदि मेडिकल स्टोर संचालक किसी प्रकार की प्रतिबंधित नशीली दवाइयां बेच रहे हैं, तो तुरंत प्रभाव से पुलिस को सूचित करे ताकि उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जा सके।

# एमएम बीएड कॉलेज में 'पाक कौशल' पर करवाया गया वेल्यू एडिड कोर्स

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फतेहाबाद

मनोहर मैमोरियल कॉलेज शिक्षण महाविद्यालय में 20 व 21 मार्च को दो दिवसीय वैल्यू एडिड कोर्स करवाया गया। 'पाक कौशल' विषय पर आयोजित इस कोर्स में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कोर्स का शुभारंभ करते हुए कॉलेज प्राचार्या डॉ. जनक रानी ने कहा कि इस तरह के जो कोर्स होते हैं, इससे बच्चों में पढ़ाई की अतिरिक्त नए विषय को सीखने की भावना विकसित होती है। इस कोर्स के मुख्य वक्ता मनोहर मैमोरियल पी.जी. कॉलेज की प्रोफेसर डॉ. ज्योति नागपाल रही। उन्होंने पहले दिन विद्यार्थियों न्यूट्रीशन फूड के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि स्वस्थ जीवन के लिए हमें कौन-सा



**फतेहाबाद।** विद्यार्थियों को जानकारी देते मुख्य वक्ता।

फूड और कितनी मात्रा में खाना चाहिए। खास तौर से लड़कियों को बताया कि वह आने वाली भविष्य की माता है, इसलिए उन्हें अपने खान-पान का विशेष ध्यान रखना चाहिए। कोर्स के दूसरे दिन डॉ. ज्योति नागपाल ने विद्यार्थियों टेबल मैनर्स के बारे में बताया और बच्चों ने इसमें बहुत रुचि दिखाई। उन्होंने कहा कि आज के समय में टेबल मैनर्स काफी महत्वपूर्ण है, क्योंकि लोग इसके आधार पर ही आपका मूल्यांकन करते हैं।

इस अवसर पर डॉ.कविता बत्रा, डॉ. जनक रानी व अन्य स्टॉफ सदस्य मौजूद रहे। कार्यक्रम का कुशल संचालन डॉ. ज्योति व रेखा ने किया। कोर्स के समापन पर प्राचार्या डॉ. जनक रानी ने मुख्य वक्ता का धन्यवाद किया।

## पेपर अच्छा नहीं होने पर छठी के छात्र ने फंदा लगाकर दी जान

**हिसार।** जिले के कस्बे आदमपुर में निजी स्कूल के छात्र ने मानसिक परेशानी के चलते फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि छठी कक्षा का छात्र साइंस का पेपर अच्छा न होने के चलते परेशान चल रहा था। मूल रूप से ठसका निवासी उक्त छात्र इन दिनों अपनी मां के साथ सदलपुर गांव में अपनी नानी के घर गया हुआ था और वहीं पर उसने यह कदम उठाया।

मौके पर पहुंची आदमपुर पुलिस ने बच्चे के शव को पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। बताया जा रहा है कि ठसका निवासी धर्मपाल की शादी गांव सदलपुर की सुमन बाला के साथ हुई। उनके दो बेटे हैं। धर्मपाल अग्रोहा में शिक्षा विभाग में कार्यरत हैं। सुमन के कोई भाई नहीं है, इसलिए वह अपनी मां की देखभाल के लिए मायके सदलपुर में रह रही है।

# लोकसभा चुनावों को लेकर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रतिया

वरिष्ठ कांग्रेस नेता मास्टर सतबीर भूथन ने नई दिल्ली में कांग्रेस की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष एवं उत्तराखंड की प्रदेश प्रभारी कुमारी शैलजा से मुलाकात की। उन्होंने लोकसभा चुनावों में कांग्रेस पार्टी की हरियाणा में तैयारियों को लेकर विस्तार से चर्चा की। खासकर सिरसा लोकसभा सीट को लेकर मास्टर सतबीर भूथन ने कुमारी शैलजा को हालातों की जानकारी दी। मास्टर सतबीर भूथन ने कुमारी शैलजा से कहा कि सिरसा लोकसभा सीट उनकी पारिवारिक सीट रही है। यहां से उनके पिता स्व. चौधरी दलबीर सिंह के बाद कुमारी शैलजा स्वयं भी सांसद रह चुकी है। यहां की जनता कुमारी शैलजा को अपनी बहन, बेटी मानते हैं और चाहते हैं कि इस बार के लोकसभा चुनावों में वे सिरसा लोकसभा से चुनाव लड़े तो



**रतिया।** कांग्रेस मुख्यालय दिल्ली में पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी शैलजा से वार्तालाप करते हुए मास्टर सतबीर भूथन हलका रतिया।

उनकी रिकार्ड मतों से जीत निश्चित है। कुमारी शैलजा ने मास्टर सतबीर सिंह भूथन व अन्य कार्यकर्ताओं की भावनाओं का सम्मान करते हुए कहा कि टिकट देना पार्टी हाईकमान का काम है। उन्होंने मास्टर सतबीर भूथन व सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं से जोर-शोर से लोकसभा चुनावों की तैयारियों में जुटने का आह्वान करते हुए कहा कि पार्टी यहां से जिस भी प्रत्याशी को टिकट दे, वे उसकी जीत सुनिश्चित करने के लिए पूरा जोर लगा दें। सिरसा ही नहीं, प्रदेश की सभी 10 सीटों पर जनता बदलाव के मूड में है और सभी सीटों पर कांग्रेस जीत दर्ज करेगी।

# सोशल मीडिया पर पुलिस की रहेगी पैनी नजर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सिरसा

आदर्श चुनाव आचार संहिता की पालना के लिए सोशल मीडिया पर निगाह रखने के लिए पुलिस अधीक्षक विक्त्रांत भूषण ने एक विशेष टीम का गठन किया है।

- **आदर्श चुनाव आचार संहिता की पालना की जाएगी**

एडिशनल एसपी दीप्ति गर्ग के नेतृत्व में बने इस सेल में साइबर सेल तथा साइबर पुलिस स्टेशन की टीम शामिल की गई है, जो लगातार साइबर सोशल मीडिया पर पैनी नजर रखेगी। कानून की अवेहलना करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। एक जिम्मेदार नागरिक होने के नाते किसी भी ग्रुप व सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की धार्मिक अथवा राजनैतिक विवादों को जन्म देती पोस्ट या चर्चा ना करें तथा ना ही इस प्रकार की किसी भी चर्चा पर अपने विवादित विचार दें। सोच-समझकर पोस्ट शेयर करें चुनाव आयोग व प्रशासन की सोशल मीडिया पर पूरी नजर है। सोशल मीडिया का दुरुपयोग न करें, क्योंकि छोटी सी गलती भी आपके गले की फांस बन सकती है। पुलिस अधीक्षक भूषण ने थाना प्रभारियों को भी निर्देश दिए कि फेसबुक, ट्विटर तथा इंस्टाग्राम इत्यादि पर साइबर हेल्प डेस्क की मदद से पैनी नजर रखें तथा सोशल मीडिया के माध्यम से समाज में भ्रम तथा दहशत फैलाने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई करें।

# 'उन्नत भू स्थानिक प्रौद्योगिकी' पर सेमिनार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सिरसा

सीएमके नेशनल स्नातकोत्तर महाविद्यालय के भूगोल विभाग द्वारा स्काईलाइन इंस्टीट्यूट ऑफ जियोइफोंमैटिक रोहतक के सहयोग से इंटर कॉलेज सेमिनार का आयोजन किया गया। 'उन्नत भू स्थानिक प्रौद्योगिकी में करियर संभावनाएं' विषय पर आयोजित इस सेमिनार में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने बढ़चढ कर भाग लिया। संगोष्ठी की मुख्य अतिथि महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. रंजना ग्रोवर, स्काईलाइन इंस्टीट्यूट ऑफ जियोइफोंमैटिक से डॉ. रविंद्र नाथ तिवारी व चैधरी देवी लाल विश्वविद्यालय सिरस, राजकीय नैशनल महाविद्यालय सिरसा और शाह सतनाम गर्ल्स शामिल हुए।

कॉलेज प्राचार्या डॉ. रंजना ग्रोवर ने अपने संबोधन में कहा कि भू-स्थानिक प्रौद्योगिकियाँ एक शब्द है, जिसका उपयोग पृथ्वी और मानव समाज के भौगोलिक



**सिरसा।** सेमिनार में भाग लेते विद्यार्थी।

मानचित्रण और विश्लेषण में योगदान देने वाले आधुनिक उपकरणों की श्रृंखला का वर्णन करने के लिए किया जाता है। एक समय कागज के नक्शे भू-स्थानिक और भौगोलिक जानकारी का मुख्य स्त्रोत थे। फिर टेक्नोलॉजी समाज के हर हिस्से पर हावी होने लगी। अब हमारे पास भू-स्थानिक जानकारी और डेटा है। रिमोट सेंसिंग, जी पी एस सहित विभिन्न प्रकार की प्रौद्योगिकियों का उपयोग कर रहे है और सैन्य ड्रोन गतिविधियों तक, कई अलग-अलग चीजों के लिए भू-स्थानिक प्रौद्योगिकियों का उपयोग किया जाता है। सेमिनार में की-नोट स्पीकर डॉ रविंद्र नाथ तिवारी ने अपने विचार रखते हुए कहा कि भू-स्थानिक प्रौद्योगिकी में करियर की अपार संभावनाएं हैं, क्योंकि इस प्रौद्योगिकी के बारे में ज्यादातर लोगों को पता नहीं है।

# मानव के उत्थान का मार्ग प्रशस्त करता है श्रीराम का जीवन चरित्र

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सिरसा

नेहरू पार्क में दिव्य ज्योति जागृति संस्थान की ओर से पांच दिवसीय श्रीराम कथामृत का आयोजन किया जा रहा है। साध्वी त्रिपदा भारती की ओर से कथा का वाचन किया जा रहा है। कथा वाचन करते हुए साध्वी ने कहा कि प्रभु श्रीराम जन्म प्रसंग को बहुत ही रोचक व अध्यात्मिक तथ्यों सहित प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया प्रभु का जन्म व कर्म दिव्य होता है। जिसे हम साधारण बुद्धि के द्वारा नहीं समझ सकते। प्रभु की प्रत्येक लीला के पीछे आध्यात्मिक रहस्य छिपे होते हैं। जिन्हें हम ब्रहमज्ञान के द्वारा ही समझ सकते हैं। श्री राम का जीवन चरित्र मानव के उत्थान का मार्ग प्रशस्त करता है। हमारे समाज को उनसे प्रेरणा लेने की जरूरत है। किंतु आज हमारा समाज ऐसे उत्तम चरित्र को भूलकर निकृष्टता का अनुसरण कर रहा है। जिसका परिणाम आप



**सिरसा।** कथा का वाचन करती साध्वी त्रिपदा भारती।

टूटते बिखरते परिवारों के रूप में, दिशाहीन युवाओं के रूप में व दम तोड़ती मानवता के रूप में स्पष्ट देख सकते हैं। कथा में सिटी मजिस्ट्रेट पारस भागोरिया, रूपचंद भागोरिया, चंद्रवती भागोरिया, बिजली बोर्ड डबवाली के एसडीओ रमन बंसल, समाजसेवी पारस, बलजीत कुलड़िया, विरेंद्र गुप्ता, डॉ. अशोक गुप्ता, अनिल चाचाण,आदि मौजूद रहे।

## मतदान प्रतिशत बढ़ाने की दिशा में सघन अभियान चलाएं अधिकारी : सिंह

# लोकसभा चुनाव में सौ प्रतिशत मतदान का संकल्प लें

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सिरसा

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त आर के सिंह ने कहा कि लोकसभा चुनाव-2024 के मद्देनजर अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे मतदान प्रतिशत बढ़ाने की दिशा में सघन अभियान चलाएं। वीरवार को सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता कार्यक्रम (स्वीप) के तहत आयोजित बैठक में उन्होंने कहा कि मतदाता शिक्षा एवं जागरूकता किसी भी चुनाव के लिए एक प्रमुख कार्यक्रम है। इसमें सभी एनजीओ व अन्य विभागाध्यक्ष अपनी अहम भूमिका निभाते हुए अपने दायित्व को निभाएं। आरके सिंह वीरवार को लघु सचिवालय के बैठक कक्ष में व्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं चुनावी भागीदारी



**सिरसा।** उपायुक्त अधिकारियों व कर्मचारियों को शत प्रतिशत मतदान की शपथ दिलवाते हुए।

(स्वीप) कार्यक्रम के तहत आयोजित अधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उपायुक्त ने सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को शत प्रतिशत मतदान की शपथ भी दिलवाई। उन्होंने निर्देश दिए कि सिरसा लोकसभा क्षेत्र के सभी मुख्य सार्वजनिक केंद्रों पर मतदान जागरुकता के बैनर लगवाए जाएं। पैट्रोल पंप के प्रधान तथा गैस एजेंसियों की मीटिंग कर उन्हें बैनर लगवाना तथा गैस सिलेंडर व पैट्रोल पंप पर आने वाले वाहनों पर स्टीकर चस्पा करवाना सुनिश्चित किया जाए। इसके अलावा एफएम रेडियो व ओएचएम सिनेमा में ऑडियो व वीडियो चलाने बारे (मतदाता जागरूकता सबंधी) निर्देश दें। इसके अलावा रेलवे स्टेशन व बस स्टैंड पर लगातार मतदान से संबधित संदेश लगातार चलवाए जाए ताकि आने-जाने वाले यात्रियों को चुनाव सबंधी तिथि जागरूक संदेश प्राप्त हो सके। विभिन्न पाकोंर् में सैल्फी प्वाईंट बनवाए जाएं तथा गावों व शहरों के मुख्य दीवारों पर मतदान जागरुकता वॉल पेंटिग में नारों व मतदाता जागरूकता संबंधी संदेशों को लिखवाना

### मतदाताओं के लिए स्वीप अभियान चलाया जाएगा

उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने के लिए स्वीप अभियान चलाया जाएगा। इसके लिए एडीसी को नोडल अधिकारी बनाया गया है। उन्होंने आमजन से आह्वान किया कि मतदान के प्रत्येक मतदाता को जागरूक करने के लिए विभिन्न प्रचार माध्यमों की सहायता ली जाएगी। उन्होंने कहा कि चुनाव लोकतंत्र का सबसे बड़ा पर्व होता है। हम अपने मत से अपने मनसंपद प्रत्याशी का चुनाव करते हैं। ऐसे में 25 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में अपने मत का प्रयोग करें और लोकतंत्र के सबसे बड़े पर्व का हिस्सा बनें। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला में नए वोट बनवाने का अभियान चलाया जा रहा है, जो अभी भी जारी है। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. विवेक भारती, एसडीएम ऐलनाबाद डॉ. वेद प्रकाश बैनीवाल, एसडीएम सिरसा राजेंद्र कुमार, एसडीएम डबवाली अभय सिंह, एसडीएम कालांवाली सुरेश रावेश सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## ट्रक की टक्कर से बैलगाड़ी सवार किसान की मौत

**बरवाला।** निकटवर्ती गांव बालक के पास बैलगाड़ी में अपने खेत जा रहे शख्स को ट्रक ने टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को अग्रोहा मेडिकल कॉलेज ले गया, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के भतीजे रोहतास की शिकायत पर अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है। बालक गांव निवासी रोहताश ने बताया कि वह खेतीबाड़ी करता है। उसका चाचा रणधीर सिंह भी खेतीबाड़ी का काम करता था। लगभग 12 बजे उसका चाचा रणधीर सिंह अपने खेत से बैलगाड़ी लेकर पाबड़ा की तरफ अपने घर आ रहा था और वह चाचा के पीछे-पीछे साइकिल पर खेत से घर आ रहा था। रोहतास के अनुसार उसी समय पाबड़ा की तरफ से एक ट्रक चालक अपने ट्रक को तेज रफ्तार से बिना होर्न दिए चलाता हुआ आया और पीछे से चाचा रणधीर की बैलगाड़ी में टक्कर मार दी।

**बा अदालत जनाब तहसीलदार कम सहायक कलैक्टर द्वितीय श्रेणी डबवाली।**

**सुखचैन सिंह बनाम शांति देवी आदि**

**नोटिस इश्तहार बनामः-**

शांति देवी पत्नी भगवान दास पुत्र लखुमल निवासी गांव डबवाली तहसील डबवाली जिला सिरसा।

**...उत्तरवादीया**

प्रार्थी ने एक दरखास्त वास्ते किए जाने तकसीम भूमि बा तफसील खेवट नंबर 200, खतौनी नंबर 366, मु.न. 112, किला नंबर 3(7-6), 4(8-0), 5/1(1-0), 6/2 (0-19), 7 (5-4), 8/2(0-19), 14(7-4),15 (2-18), 16/1(6-7),17/1 (7-7), किते 10 कुल रकबा 47 कनाल 04 मरले वाका गांव डबवाली,तहसील डबवाली जिला सिरसा अनुसार जमाबंदी साल 2017-2018 का इस न्यायालय में दायर की है। अगर इस बारे में किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार का कोई उजर या एतराज हो तो वह दिनांक 01.04.2024 को मेरे न्यायालय में असालतन या वकालतन हाजिर होकर अपना दावा या उजर पेश कर सकता है। अन्यथा बाद गुजरने मियाद कोई भी एतराज काबिले गौर ना होगा और अदालत हाजिर ना आने पर एक तरफा कार्रवाई करके केस की नियमानुसार सुनवाई कर दी जाएगी।

यह इश्तहार आज दिनांक 29.01.2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर सहित जारी किया गया।

**हस्ता/- सहायक कलेक्टर द्वितीय श्रेणी डबवाली।**

## खबर संक्षेप

### टीचरों के लिए रेगुलर पॉलिसी बनाएं सरकार

**सिरसा।** टीचिंग कांट्रेक्चुअल संगठन के प्रधान डॉ. राममेहर आर्य ने कहा कि पूरे प्रदेश के विश्वविद्यालयों में लगभग 1034 अनुबंध सहायक प्रो. कार्यरत हैं तथा उनका कोई भी भविष्य नहीं है, जिस कारण से उनका अस्तित्व खतरे में है तथा प्रदेश सरकार उनके भविष्य को सुनिश्चित करने के लिए कोई रेगुलर की पॉलिसी बनाकर उन्हें नियमित करें। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने सत्ता में आने से पूर्व सभी टीचरों को पहली कलम से सबसे पहले नियमित अर्थात पक्का करने का वादा अपने चुनावी घोषणा पत्र में किया था। उन्होंने कहा कि सरकार को अपना वादा पूरा करना चाहिए।

### विश्व जल दिवस पर मनाया होली का त्योहार



**सिरसा।** नेशनल कॉलेज ऑफ एजुकेशन सिरसा में इंटर हाऊस कंपटिशन क्लब व इको कम नैचर क्लब द्वारा विश्व जल दिवस व होली का त्योहार मनाया गया। साथ ही रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कॉलेज प्राचार्या डॉ. पूनम मिगलानी ने विद्यार्थियों को होली की शुभकामनाएं प्रेषित की तथा जल के महत्व व उसके मूल्यों बताते हुए विद्यार्थियों को संबोधित किया और बताया कि जल प्रकृति की दी हुई अमूल्य संपति है।

### स्लोगन लेखन में अंग्रेज सिंह रहे प्रथम

**रतिया।** खालसा त्रिशताब्दी शताब्दी राजकीय महाविद्यालय में प्राचार्य प्रेम मेहता की अध्यक्षता में स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदान हेतु जागरूकता लाने के लिए विद्यार्थियों में पेंटिंग व स्लोगन लेखन प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। इन प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया व सुंदर पेंटिंग्स बनाई व स्लोगन लेखन किया। नोडल अधिकारी प्रो. कृष्ण लाल ने बताया कि पेंटिंग में आंचल शर्मा बीए प्रथम वर्ष प्रथम स्थान पर, प्रणीत कौर बीए प्रथम वर्ष द्वितीय स्थान पर व सीमा रानी बीए द्वितीय वर्ष तृतीय स्थान पर रही। स्लोगन लेखन में बीए प्रथम वर्ष से अंग्रेज सिंह पहले स्थान पर रहे।

### मां शीतला मंदिर में जागरण 31 को



**रतिया।** मां शीतला मंदिर सेवा ट्रस्ट रतिया की तरफ से शीतला सप्तमी पूजन महोत्सव की उपलक्ष्य में होने जा रहे रात्रि जागरण के लिए कार्ड व कैलेंडर का विमोचन मां शीतला मंदिर परिसर में किया गया, जिसमें विभिन्न धार्मिक संस्थाओं के पदाधिकारी शामिल रहे। मां शीतला मंदिर सेवा ट्रस्ट की तरफ से भव्य जागरण 31 मार्च रविवार को बाबा बंदा सिंह बहादुर ग्राउंड, नजदीक शीतला मंदिर में होने जा रहा है, जिसमें मुख्य ज्योति प्रचंड के लिए विमला देवी करेंगी।

### जैन संतों के सानिध्य में मनाई जाएगी होली चौमासी

**सिरसा।** होली पर्व के उपलक्ष्य में 24 मार्च को सिरसा के सी ब्लॉक स्थित जैन स्थानक (जैन सभा) में जैन गुरुओं के सानिध्य में होली चौमासी धूमधाम से मनाई जाएगी। होली चौमासी को लेकर जैन गुरु जैन स्थानक में पधार गए हैं। कार्यक्रम के तहत 24 मार्च को सुबह सवा आठ बजे से साढ़े नौ बजे तक प्रवचन होंगे। जैन समाज की ओर से बताया गया है कि संघशास्ता, शासन प्रभावक पु'य गुरुदेव श्री सुदर्शन लाल जी म.सा. के सुशिष्य मनोहर व्याध्यानी, संघ संचालक गुरुदेव श्री नरेश चंद जी म. सा. के आज्ञानुवृति सरलमना गुरुदेव श्री श्रीपाल मुनि जी म.सा. ओजस्वी वक्ता गुरुदेव श्री अचल मुनि जी म.के. सुशिष्य स्वाध्यायशील श्री शीतल मुनि जी म. सेवाभावी श्री अखिल मुनि जी म.सा. ठाणे-3 सिरसा के सी ब्लॉक स्थित जैन स्थानक पधार गए है।

### प्रत्येक बूथ पर पिछले चुनाव के मुकाबले 370 वोट अधिक डलवाने का लक्ष्य

# वेद फुलां ने समर्थकों के साथ सांसद बराला का जताया आभार

### हरकोफेड चेयरमैन वेद फुलां ने सांसद को पगड़ी पहनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** राज्यसभा सांसद सुभाष बराला का आभार जताते हरकोफेड के चेयरमैन वेद फुलां व उनके समर्थक।

भाजपा नेता वेद फुलां को हरकोफेड का चेयरमैन बनाने पर आज फतेहाबाद हलके से वेद फुलां सैंकड़ों समर्थक राज्यसभा सांसद सुभाष बराला के टोहाना स्थित आवास पर पहुंचे। नवनियुक्त चेयरमैन वेद फुलां ने सुभाष बराला को पगड़ी पहनाकर आभार जताया। वेद फुलां ने कहा कि सुभाष बराला व हरियाणा सरकार ने उन जैसे छोटे कार्यकर्ता को चेयरमैन बनाकर सभी कार्यकर्ताओं का मान बढ़ाया है। राज्यसभा सांसद व चुनाव प्रबंधन कमेटी के संयोजक सुभाष बराला ने कहा कि जो भी कार्यकर्ता अच्छा काम करता है, पार्टी उसे आगे बढ़ाने का काम करती है। वेद फुलां ने युवा मोर्चा से एक सामान्य कार्यकर्ता के रूप में काम किया और उसके बाद जिला प्रधान व जिला प्रभारी का दायित्व निभाया। सुभाष बराला ने वेद फुलां के साथ आए सैंकड़ों कार्यकर्ताओं से अपील की कि चुनाव सिर पर है और संकल्प लें कि जब तक नरेन्द्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री नहीं बन जाते, कोई कार्यकर्ता चैन से नहीं बैठेगा। उन्होंने कहा प्रत्येक कार्यकर्ता ने स्वयं को अशोक तंवर व नरेन्द्र मोदी समझना है। बराला ने आह्वान किया कि प्रत्येक बूथ से पिछले चुनाव के मुकाबले 370 वोट अधिक डलवाने का लक्ष्य लेकर जाए। विपक्षियों पर बरसते हुए सुभाष बराला ने कहा कि जहां एक तरफ भाजपा अपने 6 उम्मीदवारों की घोषणा कर चुकी है, वहीं कांग्रेस तो 14 वषार्ें से अपना ब्लॉक व जिला प्रधान ही नहीं बना पाई। जब तक कांग्रेस के उम्मीदवार घोषित नहीं होंगे तब तक भाजपा प्रत्याशी प्रत्येक मतदाता से मिल चुका होगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि वेद फुलां के चेयरमैन बनने का असली मजा तब है जब हम सभी 9 हलकों में भाजपा प्रत्याशी को जिताकर भेजें। इस अवसर पर अरोड़वंश महासभा के प्रधान मोहरी राम ग्रोवर, पंचनद सेवा ट्रस्ट के प्रधान किशोरी लाल, हरचरण सिंह प्रधान गुरूद्वारा सिंह सभा, सुरेन्द्र मिढ़ा, राजेन्द्र चौधरी काका, सचिव आजाद सचदेवा, राजेंद्र सचदेवा, अमन तेरिया, महेन्द्र सिंह वधवा, आशु ग्रोवर, सचिव पवन रूखाया, अशोक बाघला, अशोक बतरा, राकेश गिल्होत्रा, नंद किशोर कथुरिया, भीम लम्बा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष, राकेश भाम्भू युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष, अंकित सिंगला, केवल मेहता, ओमप्रकाश, संजय मेहता, संजीव गेरा, सुरेन्द्र बतरा, राजेन्द्र सचदेवा, चेयरमैन नरेश तनेजा टीटू, संजय झंड़ई, कंवल चौधरी, महेन्द्र वधवा, निर्मल, मनजीत शर्मा, वेद नारंग, हंसराज कटारिया, राजकुमार मेहता, अशोक मक्कड़, सन्नी मेहता, राजेन्द्र वर्मा, मुल्ख राज चावला, हंसराज सचदेवा, रामचंद्र रेहलन, प्रवीन जोड़ा, शम्मी धीगड़ा, बनवारी गहलोत, अवतार मोंगा सहित फुलां के सैंकड़ों समर्थक मौजूद रहे। समर्थकों ने वेद फुलां को फतेहाबाद से उम्मीदवार बनाने के भी नारे लगाए।

## मतदान को शैक्षणिक संस्थानों में चलाया जाएगा अभियान



**टोहाना।** विद्यार्थियों को मतदान के लिए जागरूक करते एडीसी राहुल मोदी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टोहाना

- अधिक से अधिक मतदान से ही देश में लोकतंत्र की जड़े और अधिक मजबूत होती है : एडीसी

लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान करने लिए चलाये जा रहे जागरूकता अभियान के तहत राजकीय बहुतकनीकी संस्थान जमालपुर शेखां व एपेक्स कॉलेज टोहाना में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। अतिरिक्त उपायुक्त एवं स्वीप कार्यक्रम के नोडल अधिकारी राहुल मोदी ने कहा कि पूरी दुनिया में भारतीय लोकतंत्र की अलग पहचान स्थापित है। भारत में चुनाव को पर्व की तरह मनाया जाता है और इस बार तो चुनाव आयोग ने चुनाव का पर्व-देश का गर्व स्लोगन भी दिया है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के पर्व में शामिल होने के लिए 1 जनवरी, 2024 को 18 वर्ष की उम्र की दहलीज पार कर चुके युवा अपना वोट अवश्य बनवाएं। वोट बनवाकर लोकतंत्र के यज्ञ में अपनी आहुति प्रत्येक नागरिक को देनी चाहिए, क्योंकि अधिक से अधिक मतदान से ही देश में लोकतंत्र की जड़ें और मजबूत होती हैं। एडीसी राहुल मोदी ने कहा कि यह भी ध्यान रखना चाहिए कि केवल वोटर कार्ड होने से वोट का अधिकार सुनिश्चित नहीं होता, बल्कि मतदाता सूची में भी नाम दर्ज होना जरूरी है। इसके लिए आमजन से आह्वान किया कि वे जिला की आधिकारिक वेबसाइट पर विजट कर मतदाता सूची में नाम चेक कर सकते हैं। इसके अलावा नजदीकी चुनाव कार्यालय में जाकर मतदाता सूची में नाम चेक करें या फिर ऑनलाइन चुनाव आयोग की वेबसाइट पर विजिट करके भी चेक कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि वोटर हेल्पलाइन मोबाइल एप की सुविधा भी दी गई है जिस पर वोटर अपना नाम वोटर लिस्ट में चेक कर सकता है। जिन मतदाताओं के नाम वोटर लिस्ट में शामिल नहीं है वे नाम जुड़वा सकते हैं और नए वोटर वोट बनवा सकते हैं। ऑनलाइन वोटर कार्ड बनवाना भी बिल्कुल आसान है कुछ प्रक्त्रिया पूरी करते हुए वोटर कार्ड बनवाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि युवाओं का वोट का महत्व समझाना भी आवश्यक है। वोट बनवाना व एक स्थान दूसरे स्थान पर वोट स्थानांतरित करना, दोनों ही बेहद सरल प्रक्रियाएं हैं। इस बात को युवाओं को समझना होगा कि लोकतंत्र में भागीदारी से लोकतंत्र मजबूत बनता है।

## द्वादशी पर मंदिरों में उमड़े श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** श्री खाटू श्याम मंदिर।

फाल्गुन शुक्ला एकादशी (आमलक एकादशी) के पावन अवसर पर बुधवार रात को श्री खाटू श्याम मंदिर, फतेहाबाद में पूजा अर्चना की गई। इस अवसर पर भारी संख्या में श्याम भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। वीरवार सुबह फाल्गुन द्वादशी पर हवन यज्ञ किया गया। इस ग्यारस व बारस पर मंदिर में श्याम भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी रही। सभी श्याम भक्तों ने श्री श्याम बाबा के समक्ष छप्पन भोग के प्रसाद का भोग लगवाया व आरती की गई। श्याम मंदिर के पुजारी सोनू शर्मा ने भक्तों के समक्ष बाबा की महिमा का बखान किया और बताया कि आज ही के दिन खाटू में खाटू श्याम जी प्रकट हुए थे और इसी दिन उनकी स्थापना हुई थी। बुधवार रात मंदिर में बाबा का भव्य संकीर्तन किया गया। वीरवार सुबह फाल्गुन द्वादशी पर बाबा की भव्य पूजा अर्चना की गई। आज ही के दिन खाटू श्याम जी जिला सिकर में भव्य मेला लगाया जाता है जिसमें सभी भक्तों की मनोकामना पूरी होती है। पंडित सोनू शर्मा ने बताया कि 24 मार्च के दिन होलीका दहन होगा वहीं 25 मार्च को श्री श्याम मंदिर, फतेहाबाद में फाग उत्सव मनाया जाएगा। सायं 4 बजे से देर रात्रि तक श्याम संकीर्तन किया जाएगा, जिसमें कलाकार प्रस्तुति देंगे।

## श्याम बगीची धाम में भजन संध्या का आयोजन

- होलिया में उड़े रै गुलाल श्याम तेरे मंदिर में पर झूमे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा



**सिरसा।** भजनों पर झूमते श्रद्धालु।

अजान मंडी स्थित श्री श्याम बगीची धाम में फाल्गुनी एकादशी पर भव्य भजन संध्या व भंडारे का आयोजन किया गया। फतेहाबाद से आए भजन गायकों ने बाबा श्याम की भजनों के माध्यम से महिमा का गुणगान किया। श्याम बगीची धाम के मुख्य सेवादार पवन गर्ग ने बताया कि बाबा श्याम की फाल्गुनी एकादशी का विशेष महत्व है। फाल्गुन मास में खाटू धाम राजस्थान में विशाल लखी मेला का आयोजन होता है। जहां पर देशभर से श्रद्धालु बाबा श्याम के दर्शनों को जाते हैं। वहीं काफी संख्या में श्रद्धालु पैदल खाटू धाम पर जाते है। उन्होंने बताया कि चार साल से लगातार श्याम बगीची से पैदल यात्री बाबा श्याम के दर्शनों को खाटू जा रहे है। इस बार भी 7 मार्च को श्याम बगीची से 45 श्रद्धालुओं को जत्था बाबा श्याम के रथ के साथ खाटू धाम पर बाबा के दर्शनों के लिए गया और 19 मार्च को दर्शन करके वापस बगीची लौटा। उन्होंने बताया कि फाल्गुनी एकादशी पर बुधवार रात को बगीची परिसर में विशाल भजन संध्या का आयोजन किया गया। इससे पूर्व सुबह बगीची धाम से बाबा श्याम की ध्वजा यात्रा निकाली गई जो शहर का भ्रमण कर वापस बगीची धाम में पहुंचकर संपन्न हुई। रात को सवा आठ बजे बाबा श्याम की पावन 'योत प्रज्जवलित की गई। उसके बाद राजेंद्र गनेरीवाला ने गणेश वंदना से भजन संध्या का आगाज किया। गनेरीवाला ने भजनों के माध्यम से बाबा श्याम व हनुमान जी का गुणगान किया। बाद में फतेहाबद से आए भजन गायक किरण राज व दीपक राज ने बाबा श्याम के भजन प्रस्तुत किए। उन्होंने भजन- कलियुग में बाबा तेरा जोर है, पकड़ो ना हाथ बड़ा कमजोर है, मेरा हथ पकड़ ले रे मन मेरा घबराए, आएगा-आएगा- आएगा नीले चढ़ सांवरा आएगा।

## रेहड़ी चालक ने सब्जी न लेने पर किया हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

रेहड़ी से सब्जी न लेने से खफा एक युवक ने अपनी सास के साथ मिलकर एक मास्टर पर हमला कर दिया। हमले में घायल मास्टर को उपचार के लिए अग्रोहा मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया गया है। मास्टर ने रेहड़ी चालक पर जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया है। इस बारे पुलिस ने आरोपी युवक व उसकी सास के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में आदर्श कालोनी, टोहाना निवासी राजेन्द्र सिंह ने कहा है कि वह शिक्षा विभाग में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय डांगरा में कार्यरत है। वह अपने दोस्तों के साथ हर रोज की तरह घूमने के लिए संतोख कालोनी गया था। 19 मार्च को भी वह अपने दोस्तों के साथ घूम रहा था। उसके सभी दोस्त जब चले गए तो वह भी अपने घर की तरफ जाने लगा। रास्ते में जैसे ही वह केएम स्कूल के पास पहुंचा तो वहां रेहड़ी लगाने वाले दीपक नामक युवक ने उसे रोक लिया। वहां मौजूद उसकी सास ने कहा कि मास्टर जी आप हमसे सब्जी नहीं लेते। जब उसने कहा कि यह उसकी मर्जी है कि वह कहां से सब्जी ले। इस पर दीपक ने उसके साथ गाली गलौच करना शुरू कर दिया और बाद में मारपीट भी की।

## दिग्विजय ने सुनीं जन समस्याएं

- जेजेपी राजनीतिक ही नहीं सामाजिक दल भी : दिग्विजय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा



**सिरसा।** अपने आवास पर आमजन की समस्याएं सुनते हुए दिग्विजय चौटाला।

जजपा नेता दिग्विजय सिंह चौटाला ने कहा कि जेजेपी केवल एक राजनीतिक दल ही नहीं बल्कि सामाजिक दल भी है जो लोगों की समस्याओं को दूर कर उन्हें सुविधाएं मय्यसर करवाता है। चौटाला वीरवार को अपने आवास पर सिरसा, डबवाली, जींद, फतेहाबाद आदि से आए आमजन की समस्याएं सुन रहे थे। युवा जेजेपी के जिला प्रेस प्रवक्ता नितिन टांडी ने बताया कि जेजेपी नेता दिग्विजय सिंह चौटाला ने इस दौरान लोगों की प्रशासनिक स्तर पर आ रही दिक्कतों, पंचायती स्तर पर समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुनकर उनके हल के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों से संपर्क साधकर उन्हें अविलंब दूर करने का आग्रह किया। दिग्विजय सिंह चौटाला ने कहा कि जेजेपी चौधरी देवीलाल की नीतियों व सिद्धांतों पर आधारित है और अपनी स्थापना से लेकर निरंतर जनसेवा की दिशा में तत्पर है। इस अवसर पर जेजेपी के जिलाध्यक्ष अशोक वर्मा, जेजेपी के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सर्वजीत मसीतां, सुखमंदर सिहाग नरेंद्र बराड़ सहित अन्य पार्टी पदाधिकारी मौजूद थे।

## होली पर हुड़दंगबाजी को सहन नहीं किया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जाखल



**जाखल।** थाना प्रभारी कुलदीप सिंह।

- नशा कर लड़ाई-झगड़ा करने वाले उपद्रवियों से सख्ती से निपटेगी जाखल पुलिस

होली पर हुडदंगियों पर नकेल कसने को लेकर जाखल पुलिस ने कमर कस ली है। होली पर माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वाले हुड़दंगियों पर खाकी की पैनी निगाह होगी। इसमें होलिका दहन से लेकर होली वाले दिन तक पुलिस का सभी चौराहों पर सख्त पहरा रहेगा। बता दें कि इसे लेकर जिला प्रशासन भी सख्त नजर आ रहा है। होली पर बवाल करने वाले हुड़दंगियों से निपटने के लिए जाखल थाना प्रभारी कुलदीप सिंह ने सख्त आदेश में कहा है कि किसी भी सूरत में शहर में हुडदंगबाजी सहन नहीं की जाएगी।

**विशेष निगरानी :** इसमें चिन्हित होलिका दहन स्थलों पर खास नजर रखी जाएगी। शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में बाजार, बस स्टेशन व स्टाप पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। उन्होंने कहा कि होली पर कुछ लोग तेज गति से सड़कों पर वाहन दौड़ाते हैं, जिससे गंभीर दुर्घटनाएं होती हैं। इन दुर्घटनाओं में वाहन चालक के साथ-साथ अन्य लोगों को भी इसके दुष्परिणाम भुगतने पड़ते हैं। कुछ लोग नशे में छोटी-मोटी बातों को लेकर आपस में लड़ाई-झगड़ा भी कर बैठते हैं। इससे दोनों पक्षों को गंभीर चोट पहुंचती है। इससे भाईचारा भी बिगड़ता है।

इसलिए होली पर हुड़दंगबाजी और नशे का सेवन कर लड़ाई-झगड़ा करने वाले उपद्रवियों से सख्ती से पुलिस पेश आएगी और उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जाखल थाना प्रभारी ने बताया की होली के त्यौहार पर माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वाले हुड़दंगियों को लेकर अब स्थानीय पुलिस शहर के मुख्य मागार्े सहित मुख्य चौक पर नाकेबंदी कर पैनी नजर रखेगी, जिसके बाद उन पर कार्यवाही की जा सके।

### अपैक्स कॉन्वेंट का होनहार छात्र हरियाणा में छाया

# केशव का मैथ ओलंपियाड में प्रदेश में पहला स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** ओलंपियाड में विजेता अपैक्स कॉन्वेंट स्कूल के विद्यार्थी।

साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन द्वारा लेवल टू के लिए आयोजित विभिन्न विषयों की परीक्षाओं में अपेक्स कान्वेंट के विद्यार्थियों ने उच्चतम रैंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन करने का काम किया है। गौरतलब है कि 2023 में भी फाउंडेशन द्वारा साइंस, इंग्लिश व गणित विषयों की परीक्षाओं का आयोजन किया गया था जिसमें अपैक्स कान्वेंट स्कूल के कक्षा 1 से 10 तक के बच्चों ने भाग लेकर उच्चतम रेंक प्राप्त कर स्कूल तथा अभिभावकों का नाम रोशन किया था। स्कूल प्रबंधन कमेटी के अमित मक्कड़ ने बताया कि साइंस ओलम्पियाड में स्कूल के कक्षा 6 के प्रतिभावान छात्र केशव गर्ग ने हरियाणा राज्य स्तर पर प्रथम रैंक तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 14वां रैंक प्राप्त कर सर्टिफिकेट ऑफ जोनल एक्सीलेंस, जोनल गोल्ड मेडल के साथ 5 हजार नकद पुरस्कार के रूप में प्राप्त किया है। इसके अलावा कक्षा 6 के ही एक और मेधावी छात्र हर्ष बिश्नोई ने जोनल रैंक 3 इंटरनेशनल रैंक 69 प्राप्त कर सर्टिफिकेट आफ जोनल एक्सीलेंस, जोनल ब्रोंज मेडल के साथ एक हजार रुपये नकद पुरस्कार के रूप में प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि कक्षा 4 के अयान मक्कड़ ने जोनल रैंक 40, इंटरनेशनल रैंक 376 प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया है। इंग्लिश ओलिंपियाड में कक्षा 10 की ऐमी ने जॉनल रैंक 11 तथा कक्षा 9 के हरीश सामा ने जॉनल रेंक 74 प्राप्त किया। मैथ्स ओलिंपियाड में कक्षा 7 की नव्या ने जोनल रैंक 37 तथा केशव ने जोनल रैंक 87 प्राप्त किया। विद्यार्थियों की शानदार उपलब्धि पर एसओएफ की ओर से विजेता प्रतिभागियों को गोल्ड मैडल ऑफ एक्सीलेंस प्रदान किया गया। विद्यार्थियों की इस शानदार सफलता पर स्कूल संचालक अमित मक्कड़ ने विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों और स्टॉफ सदस्यों को बधाई देते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को भविष्य निर्माण के लिए नई जानकारियां उपलब्ध करवाने के साथ, अन्वेषक के रूप में उन्हें आगे बढ़ाने तथा अप्रत्याशित परिणाम प्राप्त करने के लिए उनके मार्गदर्शन हेतु प्रतिबद्ध है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9653530209, 9315429403, 9253681005